पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

जयपुर। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर चल रहे माघ मेला के अवसर पर रविवार को गोविंद देवजी मंदिर परिसर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ त्रिवेणी संगम जल कलश का पूजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ गोविंद देवजी मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर राधा गोविंद देवजी, मां गायत्री एवं गुरु सत्ता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में गंगा-यमुना-सरस्वती का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भावपूर्ण आ ान कर त्रिवेणी संगम जल से पूरित कलश का षोडशोपचार पूजन किया गया। आचार्य पीठ से गायत्री कचोलिया एवं गायत्री तोमर ने प्रज्ञा गीतों के सुमधुर गायन के साथ यज्ञ संपादित कराया। तीन पारियों में संपन्न हुए पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में ढाई सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए यज्ञ भगवान को श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कीं। महायज्ञ में विराजमान श्रद्धालुओं पर त्रिवेणी संगम जल से अभिसिंचन किया गया। निःशुल्क आयोजित इस महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता की।इस अवसर पर गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी की ओर से युग साहित्य की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित पुस्तकों को वाजिब कीमत पर उपलब्ध कराया गया।

उपमुख्यमंत्री ने 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी में आधुनिक उपकरणों का अवलोकन किया

जयपुर। 78वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में आयोजित 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी के अन्तर्गत लगाए गए सेना के आधुनिक उपकरणों एवं हथियारों का अवलोकन उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह समस्त राजस्थानवासियों के लिए गर्व का विषय है कि देश में पहली बार छावनी क्षेत्र के बाहर आमजन के लिए आर्मी डे परेड का आयोजन जयपुर में हो रहा है, जो सेना और नागरिकों के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है।

दिया कुमारी ने भावुक होते हुए कहा कि वह स्वयं एक आर्मी फैमिली से आती हैं। उनके पिता भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके हैं और युद्ध के दौरान नेतृत्व भी किया था। उन्होंने कहा, आज मैं यहां केवल उपमुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि सेना परिवार के एक सदस्य के रूप में मौजूद हूं। उन्होने कहा कि उन्हें एक सैनिक की बेटी होने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि सेना का शौर्य और बलिदान हर नागरिक को प्रेरित करता है।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में आयोजित 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी में शामिल हुई।

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 78 वें सेना दिवस पर 7800 किलोमीटर के एकल साइकिल अभियान को दिखाई झण्डी

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने 78 वे आर्मी दिवस का आयोजन राजस्थान के जयपुर शहर में आयोजित करने पर पूरी जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री और सेना का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना के जवानो की वजह से देश निरन्तर प्रगति कर रहा है। आज रक्षा के क्षेत्र में भारत हमारा देश विश्व में किसी भी राष्ट्र से पीछे नही है।

गत् 50 वर्षो में देश की सेना का आधुनिकरण हुआ है उससे हम किसी भी दुश्मन राष्ट्र को मुह तोड़ जवाब देने में सक्षम हुए उपमुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्पिकर के रूप में प्रमुख भुमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया का गुलाबी नगरी जयपुर में स्वागत करते हुए कहा कि जिस तरह से कर्नल सोफिया ने सेना का आगे बढ़कर नेतृत्व किया है उससे सभी महिलाए गौरवान्वित हुई है।

सभी सेना के वरिष्ठ अधिकारियो एवं सैनिको का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा सीमाओं की रक्षा करने के कारण ही हम चैन की सांस ले पाते है।

प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए गए विभिन्न आधुनिक हथियार, आर्टिलरीज और सैन्य संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आधुनिक रायफलें, बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली, सेल्फ प्रोपल्ड गन्स, टैंक, बंकर, ड्रोन एवं एंटी-ड्रोन सिस्टम्स सहित विभिन्न अत्याधुनिक सैन्य संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही, भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड फोर्सेज, पैराग्लाइडिंग गतिविधियां, स्काई डाइविंग, डॉग स्क्वॉड सहित अन्य गतिविधियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। वहीं, सिम्फनी बैंड ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां दी। प्रदर्शनी के दौरान सेना की विशेष टुकड़ी द्वारा आतंकवादियों से बंधकों को छुड़ाने का लाइव अभ्यास दिखाया गया।

कांग्रेस के पास धरना-प्रदर्शन के अलावा कुछ नहीं बचा : भाजपा

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कांग्रेस द्वारा किए जा रहे धरना-प्रदर्शन पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के पास अब धरने के अलावा कुछ भी शेष नहीं बचा है। पहले कांग्रेस ने जनता को मत के लिए भ्रमित करने का प्रयास किया और अब ईश्वर ने उनकी मति ही भ्रमित कर दी है। कांग्रेस देश की जनता को केवल गुमराह करने का काम कर रही है। दाधीच ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मनरेगा की तुलना में वीबी जी रामजी योजना में सुधार करते हुए मोदी सरकार ने रोजगार के अवसरों को बढ़ाने का काम किया है। इसके बावजूद कांग्रेस तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर जनता को केवल लटकाने और भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने 5 साल के लिए कांग्रेसियों को मौन रहने के लिए ही दिए है। इस लिए वे मौन रहे और भाजपा की भजनलाल सरकार के विकास कार्यों को पूरा होते देखें। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार जनहितैषी निर्णय ले रही है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और लगातार एक के बाद एक प्रतियोगी परीक्षाओं का सफल आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने सितंबर 2025 में लगभग 10 हजार पदों पर कांस्टेबल भर्ती की विज्ञप्ति जारी की और महज चार माह में भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया। इसके विपरीत, कांग्रेस की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कार्यकाल में अधिकांश भर्तियां पेपर लीक के कारण अधर में लटकी रहीं।

- मनरेगा की तुलना में वीबी जी रामजी योजना में सुधार करते हुए मोदी सरकार ने रोजगार के अवसरों को बढ़ाने का किया काम : मुकेश दाधीच

'डबल इंजन सरकार ने महिला सशक्तीकरण को जीवन के हर चरण से जोड़ा'

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ देश आगे बढ़ रहा है और नारी शक्ति इसके केंद्र में है। हमारी डबल इंजन सरकार ने महिला सशक्तीकरण को जीवन के हर चरण से जोड़ा है। जिसमें मातृत्व से लेकर शिक्षा तक, शिक्षा से लेकर आजीविका तक और आजीविका से लेकर सम्मानजनक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन तक को प्राथमिकता दी गई है।शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर सामाजिक क्षेत्र में रूचि रखने वाली छात्राओं से बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मातृत्व वह आधार है, जहां से एक स्वस्थ समाज की शुरुआत होती है। इसी सोच के साथ हमने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को प्रभावी रूप से लागू किया है। इस योजना से प्रदेश की करीब 10 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। इसमें देय राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया गया है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निवास पर सामाजिक क्षेत्र में रूचि रखने वाली छात्राओं से बजट पूर्व संवाद किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण सही मायने में तभी साकार होता है जब महिलाओं के हाथों में कौशल हो, आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध हों और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। इसी उद्देश्य से राज्य में करीब 20 लाख महिलाओं को विभिन्न कौशल विकास और आजीविका कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 12 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं।शर्मा ने कहा कि बेटी के जन्म, उसकी शिक्षा और उसके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना में दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बेटियों को अब तक साढ़े 10 लाख साइकिलें और करीब 40 हजार स्कूटियां दी गई हैं। वहीं, हमारी सरकार जरूरतमंद महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर भी उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में युवाओं को रोजगार देना है।

पिछले दो वर्षों में एक लाख से अधिक पदों पर सरकारी नौकरियां दी हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न संवर्गों के डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में 3 लाख 30 हजार से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और निजी क्षेत्र में भी बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी देने के संकल्प पर निरन्तर कार्य कर रही है। इसी क्रम में 10 जनवरी को नव चयनित कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए ।

रियायती यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड अनिवार्य

जयपुर। जयपुर शहर में लो-फ्लोर बसों का संचालन करने वाली जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (जेसीटीएसएल) ने छात्रों की यात्रा सुविधा को लेकर नई व्यवस्था लागू की है। इस फैसले का उद्देश्य टिकटिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाना और फर्जी रियायतों पर रोक लगाना है। नए आदेश के अनुसार अब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को रियायती यात्रा का लाभ तभी मिलेगा, जब वे अपने शिक्षण संस्थान से जारी वैध स्मार्ट कार्ड या स्टूडेंट आईडी के साथ प्रमाणित शेड्यूल-3 प्रस्तुत करेंगे।

यह सुविधा केवल छात्र के निवास स्थान से शिक्षण संस्थान और शिक्षण संस्थान से निवास स्थान तक की यात्रा के लिए मान्य होगी। हालांकि, सरकारी अवकाश और संबंधित विभागों द्वारा घोषित छुट्टियों के दिनों में छात्रों को पूरा किराया देना होगा। जेसीटीएसएल ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था नॉन एसी बसों में लागू होगी।निगम के अनुसार, इस नई प्रणाली से टिकटिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी और फर्जी रियायतों पर अंकुश लगेगा।

जयपुर में 1500 से ज्यादा राहें हुई आसान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की प्रभावी अनुपालना में जयपुर जिले में संचालित 'रास्ता खोलो अभियान' अब ग्रामीणों एवं किसानों के लिए राहत का प्रतीक बन गया है।

प्रशासन की संवेदनशील पहल से महज 14 महीनों से भी कम समय में जिले में वर्षों से बंद पड़े 1,508 रास्ते खुलवाए गए, जिससे लाखों ग्रामीणों की खेतों, ढाणियों और गांवों तक पहुंच सुगम हुई है। रास्ता खोलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक आमजन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन की सक्रियता और संवाद आधारित रणनीति के चलते कई वर्षों पुराने विवादों का समाधान सहमति एवं समझाइश से किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत फागी तहसील अव्वल रही, जहां सर्वाधिक 136 रास्ते खुलवाए गए।

'मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान' के तहत कांग्रेस कमेटियों का धरना

जयपुर। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून को समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत् आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा धरना एवं उपवास कार्यक्रम आयोजित किये गये। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, एआईसीसी प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित धरना एवं उपवास कार्यक्रम में शामिल हुये।

कार्यक्रम के पश्चात् उपस्थित मीडिया को सम्बोधित करते हुये प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि मनरेगा कानून को निरस्त कर केन्द्र की भाजपा सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब की रोजी-रोटी छीनने का काम किया है। कांग्रेस सरकार द्वारा मनरेगा योजना लागू किये जाने पर ग्रामीण क्षेत्र में हर गरीब का अधिकार मिला था कि मांगते ही रोजगार मिले अन्यथा मानदेय दिया जाता था। इस योजना से गरीब व्यक्ति की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई, परिवार पालने के साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पाये। गरीब व्यक्ति को महाजन और सूद खोरों के चंगुल से बचाने का कार्य इस योजना से हुआ, क्योंकि कोई भी व्यक्ति आवश्यकता पडऩे पर अपने ही क्षेत्र की पंचायत में जाकर फार्म जमाकराकर रोजगार प्राप्त कर सकता था, किन्तु अब केन्द्र सरकार ने गरीबों को सम्बल प्रदान करने वाली मनरेगा को समाप्त कर दिया है।

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा,सुखजिन्दर सिंह रंधावा, टीकाराम जूली आयोजित धरने में शामिल हुये।

महासंघ की रैली में एक लाख कर्मचारी लेंगे भाग

जयपुर। जयपुर स्थित राजस्थान बीमा एवं प्रावधायी विभाग के संगठन कार्यालय में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में राजधानी जयपुर में 12 जनवरी को आयोजित होने वाली विशाल चेतावनी महारैली को लेकर रविवार को महासंघ के पदाधिकारियों की तैयारी बैठक आयोजित हुई एवं इसके बाद महासंघ के पदाधिकारियों ने रैली स्थल बाइस गोदाम पर जाकर रैली की तैयारियां सुनिश्चित की।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों और संवाद हीनता के विरोध में कर्मचारियों को आन्दोलन की राह पकड़नी पड़ रही है।उसी को लेकर चेतावनी महारैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से महासंघ ने सात संकल्पों एवं 11 सूत्री मांग पत्र पर सकारात्मक कार्यवाही की मांग की लेकिन सरकार ने इस पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की।जिससे कर्मचारियों में खासा आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर महासंघ 12 जनवरी सोमवार को जयपुर की सड़कों पर उतरकर अपनी मांगों व अधिकारों के लिए संघर्ष का बिगुल बजाएगा। महासंघ की चेतावनी रैली में एक लाख से ज्यादा कर्मचारियों के भाग लेने का घोषणा की गई। बैठक में महामंत्री महावीर सिहाग ने रैली के मार्ग की जानकारी दी कि रैली रामनिवास बाग से प्रारंभ हो कर ,अशोक मार्ग , गवर्मेंट प्रेस चौराहा, सिविल लाइंस फाटक होते हुए बाइस गोदाम पुलिया के नीचे पहुंचेगी और वहां विशाल सभा का आयोजन होगा। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेज सिंह राठौड़ ने कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सरकार को अपनी शक्ति दिखाने की अपील करते हुए महासंघ के सात संकल्पों के लिए आर पार के संघर्ष के निर्णय से सबको अवगत करवाया ।

विश्व पुस्तक मेले में पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' का विमोचन

नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में रविवार को भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां की पुस्तक अग्निपथ नहीं जनपथ के पांचवें संस्करण का विमोचन किया गया। जयपुर के वेरा प्रकाशन से प्रकाशित यह पुस्तक वर्ष 2018 से 2023 तक सतीश पूनियां के विधायक कार्यकाल के अनुभवों पर आधारित है, जिसमें विधानसभा की कार्यप्रणाली, जनहित के मुद्दे, धर्मांतरण को लेकर प्राइवेट मेंबर बिल, युवाओं एवं किसानों के मुद्दे, केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कोरोनाकाल में किये गये शानदार कार्य एवं तत्कालीन कांग्रेस सरकार के अंतर्द्वंद्व एवँ जनविरोधी नीतियों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि डॉ. पूनियां ने एक राजनेता के साथ-साथ लेखक के रूप में भी अपनी सशक्त पहचान बनाई है। यह पुस्तक मन से और आत्मा की गहराइयों से लिखी गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा संवाद का केंद्र होती है और डॉ. पूनियां द्वारा विधायक रहते हुए प्रस्तुत किया गया धर्मांतरण विरोधी प्राइवेट मेंबर बिल आज राजस्थान में कानून का रूप ले चुका है, जो किसी भी विधायक के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसे युवा पीढ़ी और राजनीति में आने वाले युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया।नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) के चेयरमैन प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे ने कहा कि डॉ. सतीश पूनियां का जीवन संघर्ष का प्रतीक रहा है और वही संघर्ष इस पुस्तक में भी परिलक्षित होता है। पहली पुस्तक का कुछ ही महीनों में पांचवें संस्करण तक पहुंचना उनके लिखे शब्दों की स्वीकृति और विजय है।

भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां की पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' के पांचवें संस्करण का विमोचन किया ।

- पुस्तक वर्ष 2018 से 2023 तक सतीश पूनियां के विधायक कार्यकाल के अनुभवों पर आधारित है

बस बॉडी कोड उल्लंघन पर 3 बसें जब्त

जयपुर। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को ताक पर रखकर संचालित हो रही बसों के खिलाफ कार्रवाई की है। बस बॉडी कोड का उल्लंघन करने वाली तीन बसों को जब्त कर सीज कर दिया है। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि पकड़ी गई तीन बसों में से दो बसें मध्य प्रदेश नंबर की हैं।

इन बसों में सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। जांच में पाया गया कि इन बसों में न तो इमरजेंसी गेट थे और न ही सुरक्षा के अन्य पुख्ता इंतजाम। इसके अलावा यात्रियों की जान जोखिम में डालकर इनमें एक्स्ट्रा स्लीपर लगाए गए थे और अवैध रूप से भारी मात्रा में कॉमर्शियल सामान ढोया जा रहा था।

विभाग ने जिन बसों को सीज किया गया है, वे ओवरहैंग (निर्धारित लंबाई से अधिक बाहर निकला हुआ हिस्सा) थी। अब इन गाड़ियों की आरसी तभी बहाल की जाएगी जब मालिक गाड़ी का ओवरहैंग खत्म करेंगे।

सार-समाचार

17 लाख रुपये की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने अशोक नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान तस्कर के पास से 85 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में 17 लाख रुपये बताई की गई है। सीएसटी ने यह कार्रवाई इंटेलिजेंस की सूचना पर की है। जो कच्ची बस्ती में रहकर मादक पदार्थ की सप्लाई कर रहा था।फिलहाल अशोक नगर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने अशोक नगर थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ ड्रग्स (स्मैक) की तस्करी करने वाले आरोपित रवि कुशवाह (23) निवासी रोन भिंड (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया है। जो अशोक नगर थाना इलाके में स्थित भोजपुरा कच्ची बस्ती में काफी समय से रहकर ड्रग्स तस्करी कर रहा था। जयपुर क्राइम ब्रांच की इंटेलिजेंस टीम की सूचना पर ड्रग्स सप्लाई लेकर आए तस्कर को पकड़ने के लिए इलाके में दबिश दी गई। जहां संदिग्ध तस्कर को दबिश देकर पकड़ने पर तलाशी में 85 ग्राम स्मैक मिली। पकड़ी गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 17 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अब तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

राजपूत छात्रावास के सामने बस पर पथराव

जयपुर। सिंधी कैंप थाना क्षेत्र के वनस्थली मार्ग पर एक निजी बस पर पथराव और चालक से मारपीट का मामला सामने आया है। राजपूत छात्रावास के सामने हुई इस घटना में बस के शीशे तोड़ दिए गए, जबकि चालक के साथ मारपीट की गई। बस मालिक की शिकायत पर सिंधी कैंप थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जनवरी 2026 को सुबह करीब 9.30 बजे बस संख्या 59 0317 वनस्थली मार्ग से पोलोविक्ट्री की ओर जा रही थी। जैसे ही बस राजपूत छात्रावास के सामने पहुंची, वहां मौजूद करीब 10 से 15 युवकों ने बस को जबरन रुकवा लिया। आरोप है कि युवकों ने बस चालक छोटूराम के साथ मारपीट की और बस के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद छात्रावास की छत से भी बस पर पत्थर फेंके गए, जिससे वाहन को भारी नुकसान पहुंचा। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बस मालिक इन्द्राज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यह पूरी घटना अजीत सिंह निरमाण और रणवीर सिंह निरमाण के कहने पर करवाई गई। आरोप है कि दोनों व्यक्ति राजपूत छात्रावास के छात्रों को उकसाकर उनके बस रूट पर लगातार विवाद और झगड़े करवा रहे हैं। परिवादी के अनुसार रूट पर एक अन्य बस भी संचालित होती है और इसी रंजिश के चलते इस तरह की घटनाएं की जा रही हैं।

नकबजनी के मामले में फरार दो इनामी आरोपित गिरफ्तार

जयपुर। चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनाज मंडी चाकसू में रात के समय सिलसिलेवार 16 दुकानों में नकबजनी करने वाले दो इनामी आरोपित शिवदयाल उर्फ चेटा उर्फ शिवा और पुष्पेंद्र उर्फ मटोली को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि यह घटना 24-25 अक्टूबर 2025 की रात को कृषि उपज मंडी चाकसू में हुई थी। अज्ञात चोरों ने मंडी परिसर में 16 दुकानों के ताले तोड़कर नकबजनी की थी। चाकसू थाने में दर्ज मामला की जांच की जा रही थी। जिस पर पुलिस टीम ने घटना स्थल और आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जयपुर जिला साइबर इकाई की तकनीकी मदद से आरोपियों की पहचान की। पूर्व में ही दो सह आरोपित अटल बिहारी मीना और महेन्द्र सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया था और वारदात में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किए जा चुके थे। वहीं वांछित आरोपित शिवदयाल उर्फ चेटा उर्फ शिवा और पुष्पेंद्र उर्फ मटोली की गिरफ्तारी के लिए 5-5 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया था। इस दौरान पुलिस टीम ने इनामी आरोपित शिवदयाल मीणा और पुष्पेंद्र मीणा को स्थानीय पुलिस थाना महुवा जिला दौसा की मदद से गिरफ्तार किया गया।

फर्जी थानेदार बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर पश्चिम जिले की सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सिंधी कैंप बस स्टैंड क्षेत्र में खुद को थानेदार बताकर आमजन से ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम (डीएसटी) टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सिंधी कैंप बस स्टैंड पर फर्जी थानेदार बनकर लोगों से ठगी कर रहा है। इस पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता एवं सहायक पुलिस आयुक्त धर्मवीर सिंह के सुपरविजन में डीएसटी जयपुर पश्चिम और सिंधी कैंप थाना पुलिस की संयुक्त विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाले आरोपी जितेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ रमन शर्मा निवासी टोडाभीम जिला करौली को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी के खिलाफ जीरो नंबर एफआईआर दर्ज कर उसे पुलिस थाना मडबल जिला सीकर भिजवाया गया है।

'विद्यार्थी ''राष्ट्र प्रथम'' की सोच रखते जीवन में आगे बढ़े'

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से ''भारत दर्शन अभियान'' के तहत लोक भवन में कश्मीर के बारामुला के 21 विद्यार्थियों ने डिप्टी कमांडेड सरोज कुमार झा के नेतृत्व में मुलाकात की। राज्यपाल बागडे ने इन विद्यार्थियों के भारत यात्रा अनुभव सुनें। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें ''राष्ट्र प्रथम'' की सोच रखते जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता से जुड़ा हमारा राष्ट्र एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अनुपम मिसाल है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने स्वामी विवेकानन्द जयन्ती (12 जनवरी) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को अपनाते हुए युवाओं से ''विकसित भारत 2047'' की संकल्पना साकार करने में भागीदार बनने का आव्हान किया है। बागडे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन भारतीय उदात्त जीवन मूल्यों का संवाहक है। उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा ले।